हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

12 पबनेरा से उमेदगढ़ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास



14 धनतेरस पर होगी भगवान धन्वंतरि की पूजा



## पूर्व विधायक
## स्व. श्री देवराज दिवान जी
## को पुण्यतिथि पर
## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



आपके मूल्यों और दृष्टिकोण ने वर्षों से हमें प्रेरित किया, आपकी करुणा की आत्मा आज भी हमारे भीतर जीवित है।

(02-10-1943 - 18-10-2020)

उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा एवं समाज उत्थान को समर्पित था। इस पुण्य अवसर पर हम सभी मिलकर उनकी स्मृतियों को नमन करें, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें और उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लें और प्रसाद ग्रहण करें

एक प्रेमपूर्ण श्रद्धांजलि से

बिमला दिवान (पत्नी)
कमल - मेघा दिवान (पुत्र एवं पुत्रवधू)
ललित - प्रियंका दिवान (पुत्र एवं पुत्रवधू)

**5वीं पुण्यतिथि निमंत्रण**
दिनांक: 18 अक्टूबर 2025
समय: दोपहर 12 बजे
स्थान: दिवान फार्म सोनीपत

आपकी उपस्थिति हमारे लिए संबल और श्रद्धांजलि स्वरूप होगी।

**दिवान परिवार**
दिवान चैरिटेबल ट्रस्ट, दिल्ली-सोनीपत



**कमल दिवान**
जिलाध्यक्ष (शहरी) जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत



**ललित दिवान**
प्रधान पंजाबी बिग्रेड सोनीपत

## भाजपा सरकार की प्राथमिकता गरीब व किसान का बना रहे स्वाभिमान : ढांडा

# 13 गांवों के 630 लाभार्थियों को योजना के तहत प्लॉट वितरित

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत जिले के लाभार्थियों को प्लाटों का वितरण किया



कार्यक्रम के दौरान पुस्तिका का विमोचन करते हुए शिक्षामंत्री साथ में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शिक्षामंत्री महिपाल ढ़ाड़ा ने अपने संबोधन मे कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार के नेतृत्व में तीन गुणा की रफ्तार से तरक्की की ओर अग्रसर है। हम सभी का सकंल्प है, कि हरियाणा को 2047 तक विकसीत हरियाणा बनाने का लक्ष्य को साकार करना है।

तीसरी बार की भाजपा सरकार के संकल्प पत्र के 217 सकंल्प में से एक वर्ष तक मौजूदा सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर लिए है व अन्य पर तेज गति से कार्य चल रहा है।

### संकल्प किया पूरा

तीसरी बार की भाजपा सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर जिला परिषद हॉल सोनीपत में जन विश्वास-जन विकास समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढ़ाड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस दौरान जिला के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ड्रा के माध्यम से निकले प्लाटों का आबंटन किया गया। इस दौरान 13 ग्राम पंचायतों के 630 लाभार्थियों को प्लाट आबंटन किया गया।

### विकास की गाथा

समरोह के दौरान शिक्षा मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने एक साल घणा कमाल 11 साल, तरक्की बेमिसाल पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। जिसमें मौजूदा सरकार के द्वारा एक साल में किए गए कार्य का दर्शाया गया। इस मौके पर संकल्प से सिद्धी पत्र का भी विमोचन किया गया। जिसमें मौजूदा सरकार की 46 संकल्प सिद्धी जो एक वर्ष में सरकार ने हासिल की है। उन सभी को भी दर्शाया गया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, आजाद सिंह नेहरा, अनिल झरोठी, रविन्द्र दिलावर के अलावा अधिकारीगण मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार के 11 वर्ष में हरियाणा हुआ खुशहालः बड़ौली



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली साथ में अन्य।

सोनीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में हरियाणा का कमजोर, वंचित, महिला, युवा और किसान वर्ग खुशहाल हुआ है। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने जनता से किए 217 वादों में से 48 पूरे कर लिए हैं और 2025 के अंत तक 90 वादे और पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी मिली है, ई-गवर्नेंस से भ्रष्टाचार पर रोक लगी है और किसान अब 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर कर रहे हैं। महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की गई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बड़ौली ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, 6 नवंबर से 25 नवंबर तक सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में पैदल यात्राएं निकाली जाएंगी, जो जनता तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का कार्य करेंगी। इसके बाद 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक केवडिया, गुजरात तक एकता यात्राएं आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, तरूण देवीदास आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सड़क हादसे में कैंटर चालक की जान गई

सोनीपत। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। चालक कैंटर खराब होने के बाद सड़क पर कोई हादसे का शिकार न हो उसके लिए संकेतक लगा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद सलाम निवासी बिहार ने पुलिस को बयान देकर बताया कि उसका भाई मोहम्मद कलाम (25) कैंटर चलाता है। वह सोनीपत से कैंटर में करेट भरकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर सेक्टर-7 के पास कैंटर खराब हो गया।

■ सेक्टर-7 फ्लाईओवर जीटी रोड पर हुआ हादसा, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

कैंटर को उसने साइट में लगा दिया। कोई दूसरा हादसे का शिकार न हो उसके लिए कैंटर से संकेतक निकालकर सड़क पर लगाने लगा। उसी दौरान तेज रफ्तार कैंटर न उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपित की पहचान कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य नेताओं ने जताया शोक

सोनीपत। केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मनोहर लाल सोनीपत के इंदिरा कॉलोनी स्थित मेयर राजीव जैन के पैतृक निवास पर पहुंचे और नगर निगम के मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी जैन का 89 वर्ष की आयु में वीरवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था। प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, चेयरमैन राजकुमार, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमल दिवान, जितेंद्र मलिक व धर्मपाल मलिक, प्रदीप सांगवान आदि ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। परिवार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उनकी रस्म पगड़ी आगामी 19 अक्टूबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में होगी।



मेयर राजीव जैन को सांत्वना देने पहुंचें केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल साथ में अन्य।



एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय का स्वागत करते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## एसडीएम ने गांव सिकंदरपुर माजरा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

गोहाना। शुक्रवार को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने गांव सिकंदरपुर माजरा में विकासकार्यों का निरीक्षण किया। इस गांव में एसबीआई फाउंडेशन और एबीजीयूएस संस्था के सहयोग से पंचायत द्वारा बड़े स्तर पर विकासकार्य कराए गए हैं। एसडीएम ने गांव में स्वतंत्रता सेनानी बाबू मूलचंद जैन की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया और कहा कि उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, सत्य और सेवा की मिसाल है। सरपंच प्रतिनिधि नवीन गौड़ ने बताया कि गांव में दो बस क्यू शेल्टर, पंचायत भवन का नवीनीकरण, सिलाई केंद्र की स्थापना, अटल सेवा केंद्र, सरकारी स्कूल व कोचिंग सेंटर में स्मार्ट क्लास रूम, छात्राओं के लिए पिंक रूम कराय गया है। इसके साथ में स्कूल भवन का नवीनीकरण, यहां स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ युक्त वाटर कूलर, स्टेडियम का सुधार, निश्शुल्क कोचिंग सेंटर, फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर और ओपन जिम स्थापित किया गया। इन सभी कामों को सीआरएस फंड के तहत कराया गया। एसडीएम ने कहा कि इस गांव की पंचायत ने अच्छा कार्य किया।

### स्वामी दयानन्द निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



सोनीपत। स्वामी दयानन्द प्रतिनिधि समिति सोनीपत के तत्वावधान में आर्य समाज मॉडल टाउन में स्वामी दयानन्द निर्वाण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा ने की। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सतन देव सत्यम ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आचार्य संदीप दर्शनाचार्य ने महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन, उनके द्वारा वेद प्रचार, अंधविश्वास व कुरीतियों के विरोध तथा समाज सुधार कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। संगीतरत्ना सविता आर्या ने भजन प्रस्तुत किए। बी.एम. दयानन्द मॉडर्न हाई स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम का संचालन समिति महासचिव हरि चन्द स्नेही ने किया। आर्य केन्द्रीय सभा सोनीपत की प्रधाना डॉ. दीक्षा आचार्या ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महेश जुनेजा, प्रमोद मल्होत्रा, गीता सहगल, शकुन्तला देवी आर्या, ईश्वर सिंह दहिया सहित अनेक श्रद्धालु व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इंडियन स्कूल के ने जीत सात पदक

सोनीपत। कुरुक्षेत्र के पीपली में 12 अक्तूबर को हरियाणा जूनियर कुराश स्टेट चैम्पियनशिप आयोजित हुई, जिसमे इंडियन स्कूल सोनीपत के खिलाड़ियों ने भाग लेकर ट्राफी पर कब्जा किया है। जिनमें अंश ने 50 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, योगेश ने 90 किलोग्राम स्वर्ग पदक, तमन्ना ने +70 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, सृष्टि ने 57 किलोग्राम में रजत पदक, मंथन ने 73 किलोग्राम कांस्य पदक, नितिन ने 77 किलोग्राम में कांस्य पदक और ईशान ने 81 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतकर अपने जिले, विद्यालय, माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया है। जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया कि पटना में होने वाले नेशनल चैम्पियनशिप में हमारे 4 खिलाड़ी भाग लेंगे। विद्यालय में प्रबंधक नीलम गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ियों को फूल-माला एवं पदक पहनाकर स्वागत और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने दूसरे छात्रों को भी इन खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने की सलाह दी है। इस अवसर पर पुरखास गांव के सरपंच बहादुर पहलवान ने भी विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रबंधक साथ में कोच एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ अतिथि साथ में विद्यालय प्रबंधक, स्टाफ एवं अन्य।

सोनीपत। ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में दीपावली महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्रों द्वारा संपूर्ण रामायण का समापन बहुत सुंदर प्रस्तुतीकरण द्वारा किया गया, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नृत्य, गायन तथा रंगोली, कार्ड मेकिंग, तोरण और अन्य आकर्षक सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसी के साथ विद्यालय में ओपन जिम का शुभारंभ भी हुआ किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके शर्मा ने किया। इस अवसर पर उनके साथ विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा की निर्देशिका रीमा शर्मा, प्रधानाचार्या चंचल शर्मा व मीनू शर्मा उपस्थित रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य विषय स्वस्थ आदतें और स्वस्थ जीवन शैली के अंतर्गत तथा उन्हें अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, सीईओ भावना कालरा, कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा व अन्य के साथ पदक विजेता पहलवान। फोटो :हरिभूमि

## हिसार के मिर्चपुर में छाए साउथ पॉइंट कॉलेज के पहलवान, जीते चार गोल्ड

सोनीपत। साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.पी.एड के पहलवानों ने इंटर कॉलेज रेसलिंग चैंपियनशिप के विभिन्न आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीत कॉलेज व जिले का नाम रोशन किया। शुक्रवार को कॉलेज पहुंचने पर साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता हिसार के मिर्चपुर स्थित शहीद भगत सिंह कुश्ती अकादमी में 15 व 16 अक्तूबर को आयोजित की गई थी। जिसमें विभिन्न कॉलेजों के पहलवानों ने प्रतिभागिता की। हमारे पहलवानों ने ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल वर्ग में अपने कुश्ती कौशल से अन्य पहलवानों को पछाड़ते हुए जीत दर्ज कर पदक पर कब्जा जमाया। चेयरमैन ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि आने वाले दिनों में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी दमखम दिखाने को तैयार हैं।

# एसडीएम ने डीएम-खरीद एजेंसी इंस्पेक्टर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

पीआर धान की खरीद में कट लगाए जाने व खरीद न होने के मुद्दे पर भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की खरखौदा ब्लॉक टीम ने एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया सिसाना व संचालन जिला प्रवक्ता देशपाल दहिया ने किया। किसान नेता एवं यूनियन के जिला उपाध्यक्ष समुंदर तोमर ने कहा कि जो धान की ढेरी खरीद एजेंसी द्वारा पास कर दी जाती है, उसे मिलर्स वापस भेज देते हैं और मिलर्स 100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से रिश्वत मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि धान की जिस ढेरी का मॉइस्चर 17 या उस से नीचे है, उसे डिस्कलर बता कर कैंसिल कर दिया जाता है। यूनियन के जिला प्रधान बेदी दहिया ने कहा कि किसानों को डीएपी नहीं मिल रहा है और दुकानदार डीएपी की कालाबाज़ारी कर रहे हैं। 2 घंटे तक धरना देने व नारेबाजी करने के बाद एसडीएम डॉ. निर्मल नागर मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याओं को सुना। उसके बाद उन्होंने कहा कि वह स्वयं मंडी में किसानों के साथ चलकर 1-1 ढेरी की जांच करेंगे। जब एसडीएम किसानों के साथ मंडी में पहुंचे तो उनके सामने कई ढेरियों का मॉइस्चर 17 के आसपास पाया गया। उसके बाद उन्होंने वेयरहाउस के डीएम, मार्किट कमेटी सचिव व खरीद एजेंसी इंस्पेक्टर को फटकार लगाई।



खरखौदा। मंडी में धान की जांच करते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि शाम तक मापदंड पूरा करने वाली पीआर धान की सभी ढेरियों की खरीद होनी चाहिए अन्यथा वह उनके खिलाफ सख्त कारवाई करेंगे। किसान यूनियन के जिला संयोजक इंद्रजीत राणा ने बताया कि मंडी में मिलर्स अपनी मनमानी चला रहे हैं। जिस वजह से मंडी भी हड़ताल पर चली गयी है। उन्होंने बताया कि मिलर्स हर कट्टे में 1 किलो ज्यादा तोलने की मांग कर रहे हैं। जिस के विरोध में सभी आढ़ती हड़ताल पर चले गए हैं। मुख्य तौर पर युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया, विकेश दहिया, जोगिंद्र खांडा, अतर सिंह प्रधान, कपूर दहिया, समुंद्र तोमर, चुन्नी हलालपुर, रामकुंवार दहिया, कर्मबीर तुर्कपुर, वतन दहिया, रोहताश थाना कलां, रणबीर कोहाड़, बुधराम सिंह, सतबीर हलालपुर, राज सिंह दहिया समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## पानी की किल्लत पर लोगों का फूटा गुस्सा, नारेबाजी

गन्नौर। शहर में लंबे समय से चल रही पानी की किल्लत को लेकर शुक्रवार सुबह लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष सुनील लंबू के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य विभाग के बाहर एकजुट हुए और बुस्टिंग स्टेशन का ताला लगा कर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और जल आपूर्ति व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की मांग की। सुनील लंबू ने बताया कि बीते कई दिनों से अशोक नगर व शास्त्री नगर के कुछ हिस्सों में पिछले तीन दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। यदि कहीं पानी आ भी रहा है तो वह दूषित है, जो पीने लायक नहीं है। स्थिति यह है कि लोगों को रोजाना पीने का पानी तक खरीदना पड़ रहा है। शिकायतें करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने 185.03 लाख की सड़क का किया शिलान्यास



विधायक देवेंद्र कादियान 185.03 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास करते हुए।

गन्नौर। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शुक्रवार को 185.03 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। यह सड़क जीटी रोड से पबनेरा वाया पिपली खेड़ा, रामनगर, उमेदगढ़ गांव तक बनाई जाएगी। इस सड़क का निर्माण एससीएसपी योजना के तहत किया जाएगा और इसे 120 दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क बनने से इन गांवों के लोगों और राहगीरों को आवाजाही में राहत मिलेगी। शिलान्यास समारोह के दौरान ग्रामीणों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने पर आभार जताया। विधायक कादियान ने कहा, यह सड़क काफी समय से ग्रामीणों की एक बड़ी मांग रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिए है कि सड़क निर्माण में कोई लापरवाही न हो और यह सड़क 120 दिनों के भीतर पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो। इस अवसर पर एसडीओ अनिल चहल, जेई नवनीत, मनोज कुमार, उमेदगढ सरपंच टिंकू सरपंच, सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका, अमित ब्लॉक समिति मेंबर, धर्मपाल, प्रताप सेक्रेटरी, हरिकिशन, सुरेंद्र, सतीश, ओमप्रकाश फौजी, ठेकेदार नवीन सहित अन्य मौजूद रहे।

### नौकायन में आहुलाना के खिलाड़ियों ने जीते 13 मेडल



गन्नौर। नौकायन खिलाड़ियों का स्वागत करते विधायक देवेंद्र कादियान। फोटो: हरिभूमि

गन्नौर। गांव आहुलाना स्थित भगत सिंह वाटर स्पोर्ट्स क्लब के नौकायन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है। फिलिपींस में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024-25 में क्लब के 13 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही, खिलाड़ियों ने चीन के थियांग में आयोजित वर्ल्ड कप 2024-25 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव आहुलाना की प्रतिभा ने यह साबित कर दिया है कि अगर सही मार्गदर्शन और मेहनत मिले तो गांवों के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल लेवल पर चमक सकते है।

### दिव्यांगों ने दीये जलाकर स्कूल परिसर को किया रोशन



गोहाना। शिक्षकों संग दीपावली मनाते हुए दिव्यांग बच्चे। फोटो : हरिभूमि

गोहाना। गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम स्पेशल में दिव्यांग बच्चों द्वारा दीपावली का पर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने अपने हाथों से रंग-बिरंगे दीये सजाए और उन्हें जलाकर पूरे स्कूल परिसर को रोशन किया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी विकास मलिक का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या पूनम मलिक ने की। दिव्यांग बच्चों ने दीपावली के महत्व पर आधारित गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण के अनुकूल व ग्रीन दीपावली मनाने का संदेश दिया और पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचने की अपील की। प्राचार्या पूनम मलिक ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि समाज को यह संदेश भी देते हैं कि दिव्यांगता कभी भी प्रतिभा और जोश में बाधा नहीं बन सकती।

### धावक अनुज ने 3 किलोमीटर दौड़ में जीता रजत पदक

गोहाना। राष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता में शहर में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के छात्र अनुज पुत्र सतबीर सिंह ने रजत पदक हासिल करके अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। शुक्रवार को स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने अनुज को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। राष्ट्रीय खेल एवं फिजिकल फिटनेस बोर्ड द्वारा पानीपत के एनसीबी ग्राउंड में राष्ट्रीय दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली सहित अन्य राज्यों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करके अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित की। धावक अनुज ने इस प्रतियोगिता में 3 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करके रजत पदक कब्जा लिया।

### बेटे पांच माह का होने पर युवा भाजपा नेता ने रौपे पौधे



पौधारोपण करते युवा भाजपा नेता इशू रिढ़ाऊ।

खरखौदा। भाजपा किसान मोर्चा के जिला सचिव इशू रिढाऊ ने अपने बेटे ईशान के 5 माह के होने पर पैतृक गांव रिढाऊ के बाबा हरिदास मंदिर में 5 पौधे रोपित किए, जिनमें नींबू, बड़, पीपल, अमरूद, बेलगिरी आदि के पौधे हैं। साथ ही संकल्प लिया कि जब तक ये पौधे बड़े नहीं हो जाते इनकी देखभाल की सारी जिम्मेदारी उनकी होगी। इस अवसर पर गांव वालों के साथ साथ मंदिर के महंत भगवत दयाल भी उपस्थित रहे।

### कल्पना चावला विद्यापीठ में दिवाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




खरखौदा। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों की अंतर्सदनीय दिवाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच का संचालन अध्यापिका मीना ने किया। प्रतियोगिता के दौरान, शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दीपावली के महत्व, इतिहास और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में कोरल और पर्ल ने प्रथम, डायमंड ने द्वितीय व रूबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ऊषा वत्स, प्राइमरी प्रभारी रितु ने बच्चों की तैयारी के लिए अध्यापिका सरिता, विनीता, मीना, संजू के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### एनआईपीएफपी की टीम ने सीआरए कॉलेज का किया निरीक्षण

सोनीपत। राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) की एक टीम ने सीआरए. कॉलेज, सोनीपत का दौरा किया। यह दौरा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन परियोजना के अंतर्गत किया गया। एनआईपीएफपी टीम ने उत्तर भारत के केवल दो संस्थानों का चयन किया है, जिनमें से एक सीआरए कॉलेज है।

**NOTICE**

I, Babita Rani Sangwan W/o Sh. L.R Sangwan R/o H. no. 3133,Sec-15 Part-3, Urban Estate, Sonipat declare that I have changed my name from Babita Sangwan to Babita Rani Sangwan for all future purposes.





श्री रमेशचन्द्र कौशिक पूर्व सांसद

# उम्मीद एक बेहतर कल की

पुनीत राई



श्रीमती कृष्णा गहलावत जी विधायक राई

## वार्ड नंबर 8 के लोगों की उम्मीदों का पर्याय बने निगम पार्षद

# पुनीत, राई



सोनीपत जिले की तहसील राई की धरती ने हमेशा ऐसे सपूतों को जन्म दिया है, जिन्होंने न केवल अपने क्षेत्र के विकास के लिए संकल्प लिया बल्कि सेवा, समर्पण और समाजहित को अपना मूल मंत्र बनाया। ऐसे ही व्यक्तित्व हैं पुनीत त्यागी, जो आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

**'राई मेरा, और मैं राई के लिए'** इस विचार के साथ पुनीत त्यागी पिछले कई वर्षों से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। साधारण किसान परिवार में जन्म होने के कारण बहुत कुछ देखा! पुनीत राई ने समाज की भलाई के लिए कार्य किए एवं अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी से सामान्य कार्यकर्ता के रूप में की। संघ परिवार से जुड़े होने के कारण इन्होंने समाज की समस्याओं को निकटता से देखा और समझा है। इन्होंने धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिस कारण इनको त्यागी समाज हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया इसके साथ साथ त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट और अखिल भारतीय गालव त्यागी ब्राह्मण महासभा का भी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। पुनीत राई निगम वार्ड-8 को अपना परिवार मानते हैं और इसी भाव से हर समस्या को अपनी जिम्मेदारी समझकर दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं।

### जनसेवा से जनविश्वास तक

पुनीत त्यागी ने जबसे वार्ड नंबर 8 के पार्षद के रूप में जिम्मेदारी संभाली है, तभी से उन्होंने 'एक बेहतर कल' की सोच के साथ वार्ड के हर व्यक्ति की आवाज को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, सांसद, मंत्री विधायक, और मेयर के साथ समन्वय स्थापित कर पुनीत त्यागी ने क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं करवाईं, और उन्हें धरातल पर उतारने में सफलता भी पाई।

### प्रमुख विकास कार्य

उनके नेतृत्व में वार्ड-8 में अनेक वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान हुआ, जिनमें से कुछ उल्लेखनीय कार्य इस प्रकार हैं :-

1. वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए आरसीसी की फिरनी का निर्माण। कार्य करवाया
2. लगभग 17 करोड़ 40 लाख की लागत से गंदे पानी की निकासी हेतु MPS, मेन पंपिंग स्टेशन के माध्यम से स्थायी समाधान।
3. लगभग 10.96 करोड़ रुपये की लागत से यमुना के जाजल रेनिवेल के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति। की मंजूरी करवाई और कार्य शुरू करवाया
4. लगभग 2.44 करोड़ रुपये की लागत से राई और लिवान में सीवर लाइन का निर्माण। कार्य करवाया
5. लगभगएक करोड़ रुपये की लागत से खेल स्टेडियम का निर्माण। कार्य की मंजूरी करवाई जल्द ही कार्य शुरू होगा
6. PHC, प्राइमरी हेल्थ सेंटर की मंजूरी करवाई ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके
7. शैक्षणिक विकास हेतु स्कूल में नए कमरों और मंच का निर्माण।
8. आमजन की बहुत बड़ी मांग मकानों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन उतरवा कर ग्रामीणों को राहत देने का कार्य करवाया
9. पार्क और ओपन जिम, ब्राह्मण चौपाल, हरिजन चौपाल, शमशान घाट, छठ पूजा घाट, श्रीराम पार्क जैसी सुविधाएं।
10. स्ट्रीट लाइट्स, गलियों का निर्माण, तालाबों की सफाई और बाउंड्री वॉल जैसे मूलभूत कार्य।
11. लगभग 4 करोड़ की लागत से विवाह शादी एवं सार्वजनिक कार्यों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण
12. महिलाओ एवं बुजुर्गों के लिए अलग से चौपाल
13. वार्ड के सभी गांवों के लिए मुख्यद्वार साइन बोर्ड की मंजूरी

### सामाजिक सरोकारों में अग्रणी

विकास कार्यों के साथ-साथ पुनीत त्यागी ने समाज के जमीनी मामलों को भी गंभीरता से लिया। आधार कार्ड से लेकर प्रॉपर्टी टैक्स , राशन कार्ड, पेंशन योजनाएं, स्वच्छ पेयजल, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य सेवाएं जैसे हर सामाजिक हर पहलू पर उनका ध्यान रहा।हर जरूरतमंद व्यक्ति को उन्होंने अपने द्वार पर उचित समाधान दिया और कभी निराश नहीं किया। समाज के गरीब, शोषित और उपेक्षित वर्ग के लिए वह मजबूत आवाज बनकर उभरे हैं।

### विरासत और विचारधारा का समन्वय

समाजसेवा की यह भावना पुनीत त्यागी को पारिवारिक विरासत में मिली है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते हुएक्षेत्र के प्रति अपना दायित्व भी पूरी निष्ठा से निभाया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी, विस्तारक की जिम्मेदारी, मण्डल प्रभारी की जिम्मेदारी, अभिनंदन प्रस्तावना कमेटी के संयोजन और जिला उपाध्यक्ष के पद पर पूरी मेहनत से काम किया और सक्रिय सदस्यता अभियान में हजारों की संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया सरल, सहज, ईमानदार और सूझवान व्यक्तित्व वाले पुनीत त्यागी ने अपने संस्कार और अनुभव के बल पर जनता का विश्वास जीता है। उनका लक्ष्य केवल क्षेत्र का विकास नहीं, बल्कि एक आदर्श समाज की स्थापना है — जहां हर व्यक्ति को समान अवसर, मूलभूत सुविधाएं और आत्मसम्मान मिले। सभी में सामाजिक समरसता का भाव बने उच्च नीच का भेद भाव खत्म हो

**मैं अपने सभी वार्ड निवासियों का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि विकास कार्यों के चलते आप सभी को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन आप एक परिवार की तरह मेरे साथ खड़े रहे और विकास कार्यों के चलते जो परेशानी हुई इसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं और आप सभी का धन्यवाद करता हूँ क्योंकि आप सभी के सहयोग के बिना यह सब कुछ संभव नहीं था**

### निष्कर्ष :

वार्ड 8 का यह नेतृत्व 'विकास' और 'सेवा' का प्रतीक बनकर उभरा है। पुनीत त्यागी ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत साफ हो और दृष्टि दूरदर्शी हो, तो कोई भी क्षेत्र पिछड़ा नहीं रह सकता। राई को प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल करने का उनका सपना अब साकार होता दिख रहा है — क्योंकि यह केवल सपना नहीं, बल्कि सतत प्रयासों की गाथा है।

# धनतेरस पर होगी भगवान धन्वंतरि की पूजा शुभ मुहूर्त शाम 7:11 से रात 8:35 बजे तक

## आज मनाया जाएगा धनत्रयोदशी पर्व, बर्तन और धातु खरीदने की परंपरा रहेगी कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कार्तिक माह (पूर्णिमान्त) की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन समुद्र-मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस तिथि को धनतेरस कहा गया और यह पर्व दीपावली से जुड़ा हुआ है। वास्तव में दीपावली की शुरुआत धनतेरस से ही होती है। यह पांच दिवसीय त्योहार का पहला दिन होता है, जो स्वास्थ्य, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के अवसर पर धातु की वस्तुएं, बर्तन, सोना, चांदी और धनिया खरीदने की परंपरा रही है। इसके पीछे यह मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ इसी दिन प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुएं 13 (तेरस) गुना बढ़कर घर में धन-संपत्ति और सौभाग्य लाती हैं। इसके साथ ही दरिद्रता को दूर करने के लिए झाड़ू खरीदने की भी परंपरा है।

### ये रहेगा मुहूर्त, दक्षिण दिशा में जलाएं दीपक

आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा के अनुसार इस वर्ष धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर, शनिवार को मनाया जाएगा। पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 7:11 से रात 8:35 बजे तक रहेगा, जबकि खरीदारी का शुभ समय दिन में 7:11 से रात 8:35 बजे तक रहेगा। धनतेरस के दिन प्रदोष काल में भगवान धन्वंतरि की पूजा करने के पश्चात दीपदान किया जाता है। घर के मुख्य द्वार, छत, नल के पास और बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीपक जलाना शुभ माना गया है। ऐसा करने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।



### देवताओं के वैद्य भी कहे जाते हैं धन्वंतरि

भगवान धन्वंतरि को देवताओं का वैद्य (चिकित्सक) कहा गया है और इन्हें देवी लक्ष्मी का भाई भी माना जाता है, क्योंकि दोनों का जन्म समुद्र-मंथन से हुआ था। ऐसा विश्वास है कि जीवन में धन का उपभोग तभी संभव है जब व्यक्ति निरोग हो, इसलिए दीपावली से पहले धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है, जिससे आरोग्य रूपी धन की प्राप्ति हो सके।

बाजारों में रौनक



### संध्या के समय घर नहीं छोड़ना चाहिए सूना

डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि धनतेरस के दिन संध्या के समय घर को सूना नहीं छोड़ना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान धन्वंतरि और देवी लक्ष्मी दोनों की कृपा से व्यक्ति को स्वास्थ्य, धन और सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यही कारण है कि धनतेरस को आरोग्य, आयु और समृद्धि की कामना का दिन कहा जाता है।

# छह दिन में डेंगू के 19 मरीज, अब तक 101 लोग बीमार

**सोनीपत।** मौसम परिवर्तन के चलते डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है। जिले में छह दिन में डेंगू के 19 मरीज मिले है, वहीं चिकनगुनिया का एक मरीज मिला है। जिले में अब तक डेंगू के 101, मलेरिया के 15 और चिकनगुनिया के चार मरीज सामने आ चुके हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए विभाग ने चौकसी बढ़ा रखी है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है। पिछले सप्ताह पांच दिन में डेंगू के 12 मरीज मिले थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले साल अब तक डेंगू के 136, मलेरिया के 23 और चिकनगुनिया के दो केस मिले थे। उप सिविल सर्जन डॉ. आशा सहरावत ने बताया कि जिन क्षेत्रों में केस ज्यादा मिलते हैं, वहां इसके मूल कारण खोजे जा रहे है।




# दिवाली के दिन सुबह 6 से 7 बजे और शाम को 8 से 10 बजे तक ग्रीन पटाखे बजा सकेंगे

**सोनीपत।** वायु प्रदूषण नियंत्रण व जनस्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए जिलाधीश सुशील सारवान ने दिवाली त्योहार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला में ग्रीन पटाखों (हरित पटाखे) को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण, ऑनलाइन बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनस्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है। जिलाधीश ने अपने आदेशों में बताया कि केवल राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) द्वारा प्रमाणित और द्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस प्राप्त ग्रीन पटाखों को सीमित अवधि व समय में प्रयोग किए जाने की अनुमति होगी।

### ग्रीन पटाखों को छोड़कर अन्य आतिशबाजी पर प्रतिबंध

दिवाली के पहले दिन व दिवाली के दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और शाम 8 बजे से रात 10 बजे तक तक ग्रीन पटाखें प्रयोग करने की समयावधि निर्धारित की गई है। इसके अलावा ग्रीन पटाखों की बिक्री केवल 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक ही अधिकृत स्थलों पर की जा सकेगी। जिलाधीश ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम (फ्लीपकार्ट, अमेजोन आदि) के जरिए किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री, ऑर्डर या वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही एनसीआर क्षेत्र के बाहर से पटाखे लाने की अनुमति नहीं होगी। जिलाधीश ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति/व्यापारी के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986, तथा विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।










| Persona | Special Price Post GST 2.0@ | Reduction In Ex-Showroom Price# | Additional Benefits# |
|---|---|---|---|
| Altroz Smart | ₹6 30 000 | ₹59 000 | ₹70 000 |
| Altroz Pure | ₹7 03 000 | ₹65 000 | ₹70 000 |
| Altroz Creative | ₹7 94 000 | ₹74 000 | ₹70 000 |
| Altroz Accomplished S | ₹9 14 000 | ₹85 000 | ₹70 000 |

| Persona | Special Price Post GST 2.0@ | Reduction In Ex-Showroom Price# | Additional Benefits # |
|---|---|---|---|
| Tiago XE | ₹4 57 000 | ₹42 000 | ₹50 000 |
| Tiago XM | ₹5 31 000 | ₹49 000 | ₹50 000 |
| Tiago XT | ₹5 81 000 | ₹54 000 | ₹50 000 |
| Tiago XZ | ₹6 40 000 | ₹59 000 | ₹50 000 |
| Tiago XZ+ | ₹6 77 000 | ₹63 000 | ₹50 000 |

Available in Petrol, Diesel, CNG & EV* | Up to 100% On-road Financing^ | Zero Processing Fees~ | Trusted by 60 Lakh Families | TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION | BHARAT NCAP

SWAN MOTORS PVT. LTD.

SONIPAT: Rohtak Road, Near Railway Overbridge M: 92150-17776
GOHANA: Opposite Hotel Green, Rohtak Road, M: 92125 17772
KUNDLI: Main G.T. Road, Near Bank of Baroda M: 92153 17773
GANNAUR: Near Jain Girls College, G.T. Road, Gannaur M: 92551 77443

Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^Offers are from multiple Financiers. ~Finance at sole discretion of Financier. #The benefits mentioned are of particular model and variant. Benefits will vary depending on the model and variant selected. For exact details, please contact your nearest authorised TATA Motors dealership. Additional benefits include consumer offer, exchange offer, loyalty, intervention consumer, intervention exchange. @Prices mentioned are for Petrol variants, prices are ex-showroom New Delhi, Local Taxes extra. Please confirm the exact price of your preferred car/SUV variant from an authorized Tata Motors showroom near you. For more offers contact your nearest Tata Motors dealership. ##Altroz price mentioned is for Petrol variants, ex showroom Delhi. Altroz is 5-star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of petrol, diesel and CNG. As per Bharat NCAP results 2025. ~First in segment refers to mid and high hatchback cars in India. *Available in Premium Hatchback Segment. ##Tiago price mentioned is for Petrol variants, ex-showroom New Delhi, Local Taxes extra. BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. *Auto transmission is Auto gearbox available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. ◊Cruise Control only available in Tiago XZ+. ˜Terms & conditions applied.